पुलिस मुख्यालय, छत्तीसगढ़
नवा रायपुर, अटल नगर, जिला रायपुर -492002

# विज्ञप्ति

महत्वपूर्ण लिंक

**Vyapam Profile Registration link -** https://vyapamprofile.cgstate.gov.in/online/
**Vyapam website PHQ25 post Link -** https://vyapamcg.cgstate.gov.in/Post?PostID=PHQC25ONLINE

- पुलिस मुख्यालय, छत्तीसगढ़ द्वारा जिला पुलिस बल के आरक्षक संवर्ग के सीधी भर्ती के रिक्त पदों पर र्भी हेतु दिनांक 04.10.2023 को विज्ञापन जारी किया जाकर भर्ती प्रक्रिया के प्रथम चरण अंतर्गत दस्तावेजों की जांच, शारीरिक नापजोख व शारीरिक दक्षता परीक्षा उपरांत लिखित परीक्षा हेतु पात्र पाये गये अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा आयोजित किया जाना है।
- लिखित परीक्षा हेतु ''पात्र आवेदकों को व्यापम की वेबसाईट के लिंक में जाकर पंजीयन करना (प्रोफाइल आई डी के माध्यम से) व लिखित परीक्षा केन्द्र हेतु जिले का चयन करना अनिवार्य होगा एवं आवेदन को सफलतापूर्वक सबमिट **(SUBMIT)** करना अनिवार्य होगा। तदुपरांत ही व्यापम पंजीयन नंबर व रोल नंबर पर अभ्यर्थी लिखित परीक्षा हेतु ऑनलाईन से प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकेंगे। जिस पात्र अभ्यर्थी द्वारा छत्तीसगढ़ व्यापम के वेबसाईट में पंजीयन नहीं किया जायेगा वे अभ्यर्थी लिखित परीक्षा से वंचित होंगे। इसकी संपूर्णं जिम्मेदारी अभ्यर्थी की स्वयं की होगी।''
- छत्तीसगढ़ जिला पुलिस बल में आरक्षक संवर्ग पदों की लिखित भर्ती परीक्षा **(PHQC25)** हेतु पात्र आवेदकों का व्यापम की वेबसाईट के लिंक में पंजीयन एवं ऑनलाईन आवेदन लेने संबंधी कार्यवाही का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | व्यापम वेबसाईट पर पंजीयन उपरांत ऑनलाईन आवेदन सबमिट करने की प्रारंभिक तिथि | - | 05.08.2025 (मंगलवार) |
| 2. | व्यापम वेबसाईट पर पंजीयन उपरांत ऑनलाईन आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि | - | 27.08.2025 (बुधवार) सायं 5.00 बजे तक |
| 3. | परीक्षा की तिथि | - | 14.09.2025 (रविवार) |
| 4. | परीक्षा का समय | - | पूर्वान्ह (02 घंटे) |
| 5. | प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि | - | 08.09.2025 (सोमवार) |
| 6. | परीक्षा केन्द्र | - | 05 संभागीय मुख्यालयों में |

- व्यापम की वेबसाईट में पंजीयन करने, ऑनलाईन आवेदन भरने, विभागीय विज्ञापन, भर्ती नियम, परीक्षा निर्देश, पाठ्यक्रम आदि संबंधी विस्तृत जानकारी/निर्देश छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल के वेबसाईट **vyapamcg.cgstate.gov.in** उपलब्ध हैं।
- व्यापम की वेबसाईट के लिंक में पंजीयन करने, ऑनलाईन आवेदन भरने तथा अन्य किसी भी प्रकार की समस्या होने पर समाधान हेतु व्यापम के हेल्पलाईन नंबर 0771-2972780 पर संपर्क किया जा सकता है।

---00---